# यूनविर्सल हेल्थ कवरेज में राजस्थान बना अग्रणी

## चर्चा में क्यों?

1 मई, 2022 को मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने जयपुर में श्री सत्य साईं हार्ट हॉस्पटिल, राजकोट एवं अहमदाबाद द्वारा आयोजति मेगा फ्री हार्ट कैंप का उद्घाटन करते हुए कहा कि यूनविर्सल हैल्थ कवरेज लागू करने वाला राजस्थान देश का अग्रणी राज्य बन चुका है।

## प्रमुख बदिु

- मुख्यमंत्री ने कहा कि 'मुख्यमंत्री चरिंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' में प्रदेश के लगभग 1 करोड़ 34 लाख परविार जुड़ चुके हैं तथा कडिनी, हार्ट, लीवर, बोनमेरो ट्रांसप्लांट जैसे महँगे इलाज़ भी इस योजना में नि:शुल्क कयि जा रहे हैं।
- सभी अस्पतालों में आईपीडी एवं ओपीडी मरीजों के लयि नि:शुल्क उपचार व नि:शुल्क एमआरआई, एक्स-रे तथा सीटी स्कैन की सुवधिा भी शुरू कर दी गई है।
- उल्लेखनीय है कि प्रदेशवासयिों को इलाज के खर्च से चतिामुक्त करने एवं बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ उपलब्ध करवाने की दृष्टि से राज्य सरकार ने 'मुख्यमंत्री चरिंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना' एवं 'मुख्यमंत्री नि:शुल्क निरोगी राजस्थान' जैसी महत्त्वाकांक्षी योजनाएँ शुरू की हैं।
- उन्होंने कहा कि सत्य साईं हार्ट हॉस्पटिल के साथ कयि गए एमओयू के तहत 314 हृदय रोग से पीड़ति बच्चों और अन्य लोगों की नि:शुल्क सर्जरी की गई है। सरकार द्वारा बच्चों को गुजरात आने एवं जाने के लयि 5 हज़ार रुपए की राशि उपलब्ध कराई जा रही है।
- यह अस्पताल हार्ट ऑपरेशन जैसे महँगे ऑपरेशन नि:शुल्क कर रहा है। इस दौरान मुख्यमंत्री अस्पताल से ठीक होकर आए बच्चों से मलि तथा बीमार बच्चों से मलिकर उन्हें नि:शुल्क हार्ट सर्जरी का टोकन दयि।
- मुख्यमंत्री ने कहा कि नि:शुल्क निरोगी राजस्थान योजना में 5 हज़ार से अधकि दवाईयाँ, सर्जकिल्स एवं सूचर्स सूचीबद्ध करने की कार्यवाही की जा रही है। साथ ही सभी अस्पतालों में बनिा कसिी खर्च के पूरा इलाज़ कैशलेस करने की व्यवस्था की गई है।
- वहीं मुख्यमंत्री चरिंजीवी स्वास्थ्य बीमा योजना के तहत राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा अधनियिम के अंतर्गत आने वाले, सामाजकि-आर्थकि जनगणना, 2011 में चहिनति नागरकि, संवदिाकर्मी, लघु और सीमांत कसिान तथा कोवडि अनुग्रह राशि प्राप्त करने वाले सभी परविारों का बीमा प्रीमयिम प्रदेश सरकार द्वारा भरा जा रहा है तथा अन्य सभी परविार बीमा प्रीमयिम की आधी राशि देकर योजना से जुड़ सकते हैं।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/rajasthan-tops-in-universal-health-coverage